Washington State Department of Social & Health Services
ADSA Aging & Disability Services Administration

वृद्धावस्था और विकलांगता सेवाएं प्रशासन द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाएं प्राप्त करने पर आपके अधिकार और ज़िम्मेदारियाँ

Your Rights and Responsibilities When You Receive Services Offered by Aging and Disability Services Administration

ग्राहक का नाम
ACES आईडी नंबर

उपलब्ध सेवाएं

आपको उन सेवाओं में से चुनाव करने का अधिकार है जिन्हें प्राप्त करने के लिए आप पात्र हैं। सेवाएं स्वैच्छिक हैं। जिन सेवाओं के लिए वृद्धावस्था और विकलांगता सेवाएं प्रशासन (ADSA) भुगतान कर सकता है, हो सकता है कि वे आपकी सारी ज़रूरतों के संबंध में आपकी सहायता न करें।

ADSA निम्नलिखित के संबंध में सेवाएं प्रदान करता है:

- प्रौढ़ परिवार गृह, सहायता प्रदान किए जाने वाले आवास सुविधा केन्द्र, नर्सिंग सुविधा केन्द्र, कम्पेनियन होम, बाल पालन-पोषण गृह, बाल लाइसेंसप्राप्त कर्मचारीयुक्त आवासीय गृह; या
- किसी व्यक्ति का स्वयं का घर। **टिप्पणी:** ADSA किसी व्यक्ति के स्वयं के घर में 24 घंटे/दिन की भुगतान की गई निजी देखभाल सेवाएं प्रदान नहीं करता। अगर 24 घंटे की देखभाल वांछित हो, तो अन्य सेवा विकल्पों पर विचार किया जा सकता है।

आपका AAA मामला प्रबन्धक, DDD मामला संसाधन प्रबन्धक या HCS समाज सेवी को इस दस्तावेज में **समाज सेवा कर्मी** कहा गया है।

आपके अधिकार

आपके पास निम्नलिखित के लिए अधिकार हैः

- गौरवपूर्ण, सम्मानजनक और भेदभावरहित व्यवहार किया जाना;
- उस बारे में सूचना रखना जिसे आपने कानूनों और DSHS नियमों की सीमाओं के भीतर निजी रखा हो;
- दुर्व्यवहार, उपेक्षा, वित्तीय शोषण या परित्याग न किया जाना;
- आपकी सम्पत्ति के साथ सम्मान से पेश आना;
- उन सभी सेवाओं के बारे में बताया जाना जिन्हें आप प्राप्त कर सकते हैं और उन सेवाओं में से चुनाव करना जिन्हें आप चाहते हैं या नहीं चाहते हैं;
- अपनी देखभाल की योजना बनाने में अपने समाज सेवा कर्मी के साथ भागीदारी में काम करना;
- उन अतिरिक्त मामला प्रबन्धन सेवाओं को नकारना जिन्हें आप प्राप्त नहीं करना चाहते हैं (फिर भी, सेवाएं प्राप्त करने के लिए आपको कम से कम वार्षिक रूप से अपने घर में मूल्यांकन और सेवा की सुपुर्दगी की निगरानी की अनुमति अवश्य देनी चाहिए;
- प्रश्नों का उत्तर देने के लिए या कोई ऐसा काम करने के लिए मजबूर न किया जाना जिसे आप नहीं करना चाहते हैं;
- एजेंसी के निर्णयों के बारे में लिखित में बताया जाना और आपकी देखभाल योजना या सहायता योजना सार की प्रति प्राप्त करना;
- अगर आप और आपका समाज सेवा कर्मी सहमत नहीं होते हैं, तो सुपरवाइज़र से बात करें;
- किसी प्रशासनिक सुनवाई के लिए अनुरोध करना, चाहे आपने शिकायत की हो;
- हानि के डर के बिना शिकायत करना चाहे आपने प्रशासनिक सुनवाई के लिए अनुरोध किया हो;
- सभी सेवाओं के लिए मना करना;
- अगर आप अच्छी तरह से अंग्रेज़ी बोल या समझ न पाते हों, तो मुफ्त में दुभाषिया सेवाएं प्राप्त करना;
- किसी योग्य प्रदाता को चुनना, बर्खास्त करना या बदलना; और
- आपके द्वारा चुने गए किसी वैयक्तिक प्रदाता (individual provider) के लिए पृष्ठभूमि जाँच के परिणाम प्राप्त करना।

आपकी जिम्मेदारियां

आपकी निम्नलिखित के लिए ज़िम्मेदारी हैः

- समाज सेवा कर्मी को मूल्यांकन करने के लिए अपने घर आने देना;
- आपका मूल्यांकन पूरा करने के लिए हमें पर्याप्त सूचना प्रदान करना;
- अपने समाज सेवा कर्मी को उस स्थिति में बताना, अगर कोई अन्य आपकी ओर से चिकित्सीय या वित्तीय निर्णय लेता है;
- अपनी देखभाल या सहायता योजना के विकास में भाग लेना, हस्ताक्षर करना और समझना कि आपके कर्मचारी को उन सेवाओं या घंटों के लिए भुगतान नहीं किया जा सकता जो प्राधिकृत नहीं हैं;
- अपनी स्वयं की स्वास्थ्य देखभाल चुनना;
- कोई योग्य प्रदाता चुनना;
- कार्य का सुरक्षित स्थान प्रदान करना;
- प्रदाता की पृष्ठभूमि जाँचों को गोपनीय रखना;
- अगर आप कोई वैयक्तिक प्रदाता (Individual Provider - IP) चुनते हैं:
  - यह समझना कि आप उसके नियोजक हैं और आपके लिए काम करने के लिए भुगतान किए जाने से पहले आपके IP का एक अनुबन्ध अवश्य होना चाहिए; और
  - अपने IP कर्मचारी की वर्कशीट पर उतने घंटों का सत्यापन करें जिनमें उसने आपके लिए काम किया हो;
- अगर आपको अपने प्रदाता से कोई समस्याएं हों या अगर आप अपने प्रदाता द्वारा दावा किए गए घंटे प्राप्त न कर रहे हों, तो अपने समाज सेवा कर्मी को बताएं।

Barcode label

16172

आपकी जिम्मेदारियां (जारी)

- उस स्थिति में अपने प्रदाता (provider) को हर माह भुगतान करना, अगर आप अपनी देखभाल के लिए भुगतान करने में सहायता करते हैं;
- ऐसे तरीके से काम न करना जिससे कोई खतरे में पड़ जाए; और
- उस स्थिति में अपने समाज सेवा कर्मी को बताना, अगर निम्नलिखित में कोई परिवर्तन हो जाए:
  - आपकी चिकित्सा स्थिति;
  - आप द्वारा परिवार या अन्य एजेंसियों से प्राप्त की जाने वाली सहायता;
  - आपके रहने का स्थान; या
  - आपकी वित्तीय स्थिति।

समाज सेवा कर्मी की ज़िम्मेदारियाँ

आपका समाज सेवा कर्मी निम्नलिखित के लिए ज़िम्मेदार है:

- आपके साथ गरिमापूर्ण और सम्मानजनक व्यवहार करना;
- आपकी निजता बनाए रखना;
- आपको यह बताना कि ADSA आपके लिए क्या कर सकता है या क्या नहीं कर सकता है;
- सहायता का आपका स्तर निर्धारित करने के लिए मूल्यांकन करने के लिए आपसे और अन्यों से सूचना प्राप्त करना और यह निर्णय करना कि आप किन सेवाओं में से चुनाव कर सकते हैं। मूल्यांकन में आपके मज़बूत पक्ष, सीमाएं और वरीयताएं सम्मिलित होंगी। मूल्यांकन में वह सहायता सम्मिलित होगी जो आप परिवार या अन्य एजेंसियों से पहले से प्राप्त कर रहे हैं या प्राप्त कर सकते हैं और यह सम्मिलित होगा कि आप सेवाएं किस प्रकार करवाना चाहते हैं;
- ऐसी देखभाल योजना या सहायता योजना तैयार करने में आपकी सहायता करना जो निजी देखभाल के साथ सहायता प्रदान करती हो और जिसमें आपकी निजी पसंदें सम्मिलित हों;
- प्रत्येक वर्ष या आपकी स्थिति में परिवर्तन होने पर आपकी देखभाल योजना या सहायता योजना को नवीनतम रूप देने के लिए आपसे और अन्यों से सूचना प्राप्त करना;
- आवश्यक सूचना प्रदान करने के लिए आपको पर्याप्त समय देना;
- आपकी देखभाल योजना या सहायता योजना के बारे में समस्याएं उत्पन्न होने पर इनका समाधान करना;
- आपके अधिकारों का सम्मान करना और अगर आपको मानसिक, तंत्रिका संबंधी, संवेदी या शारीरिक असमर्थताएं हों, तो सेवाएं प्राप्त करने में और सहायता प्रदान करना; और
- अगर आप कोई योग्य प्रदाता नहीं चुन पा रहे हैं, तो इसे खोजने में आपकी सहायता करना।

अग्रिम निर्देश (Advance Directives)

आपके पास अग्रिम निर्देश देने का अधिकार है। अग्रिम निर्देशों में जीवित वसीयत या आपकी स्वास्थ्य देखभाल के लिए चिरस्थायी मुख्तारनामा सम्मिलित हो सकता है। अग्रिम निर्देशों में तब चिकित्सीय, मानसिक स्वास्थ्य या सर्जिकल उपचार स्वीकार करने या मना करने के अधिकार सहित चिकित्सीय और/या मानसिक स्वास्थ्य देखभाल के बारे में आपकी इच्छाओं का सार होता है जब आपके पास वे निर्णय लेने के लिए मानसिय योग्यता नहीं होती। आप किसी भी समय अपने अग्रिम निर्देशों को रद्द कर सकते हैं।

मतदाता पंजीकरण सेवा

1993 के राष्ट्रीय मतदाता पंजीकरण अधिनियम में सभी राज्यों से यह अपेक्षा है कि वे अपने लोक सहायता कार्यालयों के माध्यम से मतदाता पंजीकरण सहायता प्रदान करें। मतदान करने के लिए पंजीकरण करवाने के लिए आवेदन करने या इसके लिए पंजीकरण करवाने से मना करने पर वे सेवाएं या लाभों की धनराशि प्रभावित नहीं होगी जो एजेंसी आपको प्रदान करेगी। अगर आप मतदाता पंजीकरण फॉर्म भरने में सहायता चाहते हैं, तो हम आपकी सहायता करेंगे। पंजीकरण करवाने या पंजीकरण करवाने से मना करवाने का आपका निर्णय गोपनीय रखा जाएगा और इसका केवल मतदाता पंजीकरण प्रयोजनों के लिए उपयोग किया जाएगा। अगर आप ऐसा सोचते हैं कि किसी ने मतदान करने के लिए पंजीकरण करवाने या इसके लिए पंजीकरण करवाने से मना करने के आपके अधिकार, मतदान करने के लिए पंजीकरण करवाने या इसके लिए पंजीकरण करवाने के लिए आवेदन करने के बारे में निर्णय लेने में निजता के आपके अधिकार, या आपकी स्वयं की राजनीतिक पार्टी या अन्य राजनीतिक पसन्द चुनने के आपके अधिकार में हस्तक्षेप किया है, तो आप निम्नलिखित के यहाँ शिकायत दाखिल कर सकते हैं:

Washington State Elections Office
PO Box 40229
Olympia WA 98504-0229
1-800-448-4881

आपके हस्ताक्षर

अगर आप अपने अधिकार और ज़िम्मेदारियाँ समझते हैं और अपने समाज सेवा कर्मी की ज़िम्मेदारियाँ समझते हैं, तो नीचे की रेखा पर हस्ताक्षर करें।

_____
नाम

_____
तारीख

_____
कानूनी प्रतिनिधि

_____
तारीख

Your Rights and Responsibilities When You Receive Services Offered by Aging and Disability Services Administration

INSTRUCTIONS

1. Present this form to the consumer when completing the initial CARE assessment and reviewing the care plan or support plan. If the consumer is already receiving services and did not previously sign this version of the form, present the form to the consumer at the next assessment. Review the form with the consumer to answer any questions about the consumer's rights and responsibilities.

2. Have the consumer or the consumer's representative sign two copies of the form to indicate his/her understanding of the consumer's rights and responsibilities when receiving services offered by Aging and Disability Services Administration.

3. File one copy in the hard file or Document Management System (DMS) and give the other copy to the consumer.